>

Title : Need to provide funds for construction of a permanent building of Post Office at Bhiloda Tehsil in Sabarkantha district, Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरे संसदीय क्षेत्र सांबरकांठा (गुजरात) एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। भिलोडा तहसील जो आदिवासी बहुल जनजाति क्षेत्र का 30 से 40 हजार आबादी वाला क्षेत्र है, वहां मुख्य डाकघर की समस्या के संदर्भ में मैं केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आसपास के गांवों की जनता अपने रोजमर्रा के व्यावसायिक कार्य हेतु भिलोडा के साथ सम्मिलित है।

भिलोडा में एकमात्र डाकघर है, जो कि आज की अद्यतन स्थिति के अनुसार किराये के भवन में कार्य करता है। डाक विभाग ने अपना भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया है।

मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि इस भूमि पर डाक भवन के निर्माण हेतु विभाग/मंत्रालय से वित्तीय सहायता तत्काल रूप से आबंटित की जाये। साथ ही साथ वित्तीय सहायता की कमी को पूरा किया जाये ताकि भिलोडा क्षेत्र के स्थानीय आदिवासी लोग और साथ ही व्यापारियों को इसका लाभ और सुविधा प्रदान की जाये क्योंकि आम लोगों की सावधि जमा राशि इसी डाकखाने में जमा है और साथ ही साथ इस क्षेत्र को संचार के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ा जाये।

मेरे इस सुझाव पर केन्द्र सरकार तत्काल रूप से कार्यवाही करने का आदेश जारी करने का कष्ट करे।